तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 मार्च 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

11 नपाध्यक्ष ने किया सफाई मित्रों को सुरक्षा उपकरण...



12 मार्च में ही हैंडपंप सूखने लगे, निस्तारी की समस्या...



## खबर संक्षेप

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम उमरिया की एक महिला के घर का दरवाजा तोड़कर मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ सरायपाली पुलिस ने जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को प्रार्थिया लीलाबाई पति शिवप्रसाद लहरे (35 साल) ने बताया कि 15 मार्च को दोपहर लगभग 2 बजे वह अपने घर के मुख्य दरवाजा को अंदर से सिटकिनी लगा कर सोई थी। उसी समय गांव के राजेश मिरी ने दरवाजा को जोर से धक्का मारा, जिससे सिटकिनी टूट गई और घर घुसकर उसके साथ गाली गलौज कर तूझे जान से मारूंगा कहकर डंडे से मारपीट किया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 333, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# संख्याबल से टाई होता लेकिन, क्रॉस वोटिंग ने भाजपा को हराया

## खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश बोले- यह मेरी नहीं बल्कि जनता और संगठन की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

बागबाहरा नगर पालिका में भाजपा के अधिक पार्षद होने के बावजूद कांग्रेस यहां उपाध्यक्ष पद हथियाने में सफल रही। उपाध्यक्ष के लिए हुए मतदान में कांग्रेस को 9 और भाजपा को 7 वोट मिले। बता दें कि पालिका के 15 वार्डों में 8 भाजपा के, 6 कांग्रेस के और 1 निर्दलीय (कांग्रेस)का होने तथा कांग्रेस अध्यक्ष के मत होने की स्थिति में दोनों दल 8-8 से बराबरी पर थे। इस स्थिति में टाई होता और सिक्का उछालकर फैसला होना था। लेकिन, मतदान में एक भाजपाई पार्षद द्वार किए गए स्पष्ट क्रॉस वोटिंग के चलते कांग्रेस भाजपा को परास्त करने में कामयाब रही।

सोमवार को बागबाहरा पालिका के सभागृह में हुए उपाध्यक्ष निर्वाचन में कांग्रेस के देवेश साहू 2 मतों से विजयी हुए। पीठासीन अधिकारी उमेश साहू अनुविभागीय अधिकारी बागबाहरा द्वारा संपन्न कराया गया, नगरपालिका बागबाहरा की नव निर्वाचित परिषद का प्रथम सम्मेलन सोमवार 17 मार्च को हुआ जिसमें नपाध्यक्ष अध्यक्ष व 15 पार्षदों को उपाध्यक्ष निर्वाचन की जानकारी दिए जाने के बाद 1.30 बजे मतदान की प्रक्रिया आरंभ की गई। कांग्रेस पार्टी के ओर से पार्षद वार्ड नं 2 देवेश साहू ने उपाध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल किया वहीं भाजपा से उपाध्यक्ष के लिये पार्षद वार्ड नं 11 रुपेश प्रेम साहू ने नामांकन दाखिल किया। उपाध्यक्ष के लिए नपा अध्यक्ष व 15 पार्षद सदस्यों ने मतदान किया। जिसमें भाजपा प्रत्याशी रुपेश प्रेम साहू को 07 वोट मिले वहीं कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी देवेश साहू को 09 वोट मिले। दो अपीलीय सदस्य समिति को निर्वाचन निर्विरोध रहा। पहले सदस्य के तौर भाजपा के कुलेश देवांगन वहीं दूसरे सदस्य तौर पर कांग्रेस के शैलेष साहू निर्वाचित हुए।



इस अवसर पर कांग्रेस की ओर से खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, महेंद्र चंद्राकर, शहर अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल फिरोज मेमन लखबीर छाबड़ा, गणेश शर्मा, शमीम खान, पुष्पेंद्र चंद्राकर, पंकज हरपाल, नवनीत सलूजा, शाहजान पाशा, दुर्गा सागर लोकेश उइके ताम्रध्वज बघेल, मनोहर ठाकुर, सफी मोहम्मद, राजेश सोनी, पोखराज साहू, बंशी चंद्राकर, भगत मांझी, पार्षद मंता यादव, रमेश ठाकुर, शैलेश साहू, मिथुन अमीर, मेनका पोखराज साहू, शिवा जगत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### बागबाहरा नगर पालिका में उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस की जीत के बाद विधायक द्वारिकाधीश यादव ने यह कहा

यह मेरी जीत नहीं बागबाहरा नगर पालिका क्षेत्र की जनता एवं संगठन की जीत है। यह बात छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव ने बागबाहरा नगर पालिका उपाध्यक्ष पद के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी देवेश साहू के विजयी होने के पश्चात कही। पार्षदों की संख्या को देखते हुए स्थिति कशमकश की थी। लेकिन, कांग्रेस संगठन ने अपना राजनीतिक दांव खेलते हुए बागबाहरा नगर पालिका के उपाध्यक्ष पद का चुनाव दो वोटों से जीत लिया और देवेश साहू नगर पालिका के उपाध्यक्ष चुने गए। यादव ने कहा है कि इससे पहले जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव में भी कांग्रेस संगठन ने अपना दमखम दिखाया। यहां भी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष दोनों कांग्रेस पार्टी के चुने गए। पत्रकारों से चर्चा के दौरान विधायक यादव ने कहा कि यह मेरी नहीं मेरी जीत नहीं बागबाहरा नगर पालिका क्षेत्र की जनता एवं संगठन की जीत है, क्योंकि उपाध्यक्ष पद की चुनाव के लिए भले प्रत्यक्ष रूप से पार्षद गण मतदान करते हैं लेकिन, उनके मतदान में उनके वार्ड क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद स्पष्ट होता है। इसीलिए यह चुनाव बागबाहरा नगर पालिका क्षेत्र की जनता ने जीता है।

## आक्रोश : परीक्षा के समय काट रहे बिजली, ग्रामीण नाराज

# 3 दिन से गांव में बिजली नहीं दफ्तर के गेट पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

परीक्षाएं जारी है, गांव में 3 दिन से

- आक्रोश देख अफसर नदारद हुए, समझाईश और आश्वासन पर माने नांदगांव वासी

बिजली नहीं। ट्रांसफार्मर जल जाने और लो वोल्टेज से होने वाली विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम नांदगांव के ग्रामीणों ने सोमवार को बिजली विभाग के आला अधिकारियों को दफ्तर में घेरा। ग्रामीण विभाग के ईई दफ्तर के मुख्य दरवाजे के सामने बैठ गए और मांग पूरी किए जाने की मांग करते रहे।

आक्रोशित ग्रामीणों को देख अफसर दफ्तर से नदारद हो गए। बाद सहायक कार्यपालन अभियंता के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए। देर शाम पिथौरा से ट्रांसफार्मर मंगाया गया जिसके बाद समस्या में सुधार हुआ।



### यह कहा ग्रामीणों ने

सरपंच भारत गेंड्रे, योगेश पप्पू पटेल, युवराज पटेल, वेदप्रकाश पटेल, तीजू धीवर, किशन पटेल, हरिशचंद्र पटेल, तोरण पटेल, मिलाप पटेल, भूषण पटेल, खेलू धीवर, जंतराम पटेल, जीवन पटेल, कमलेश पटेल, कामदेव पटेल, हेमंत निषाद, चंद्रशेखर पटेल, देवानंद धीवर, विष्णुराम पटेल, लोचन चंद्राकर, जीतू पटेल, तुकाराम पटेल ने बताया कि लंबे समय से गांव में बिजली कटौती, लो वोल्टेज और ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्मी में सबसे ज्यादा पेयजल की समस्या हो रही है। वहीं 10वीं, 12वीं की परीक्षाएं चल रही है। कटौती और लो वोल्टेज से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीण व किसानों का कहना है कि विद्युत विभाग से कई बार लिखित शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान आज तक नहीं किया। उन्होंने कहा कि पिछले 3 दिनों से गांव में बिजली नहीं है। खासकर बच्चे और बुजुर्गों को परेशानी हो रही है।

### पिथौरा से मंगाया जा रहा ट्रांसफार्मर

सहायक कार्यपालन अभियंता बीके टंडन ने धरने पर बैठे किसान और ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि 63 केवी ट्रांसफार्मर अभी लगाने भेजा जा रहा है। शाम तक पिथौरा से एक और 100 केवी ट्रांसफार्मर मंगाया जा रहा है। इस आश्वासन बाद ग्रामीण और किसान शांत हुए।

### 3 घंटे तक डटे रहे ग्रामीण

बिजली कटौती, लो वोल्टेज और ट्रांसफार्मर बार-बार जल जाने से लंबे समय से परेशान आक्रोशित नांदगांव के ग्रामीणों ने सोमवार को कार्यपालन अभियंता कार्यालय का करीब 3 घंटे तक घेराव कर मुख्य गेट पर बैठ कर विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस बीच अफसर दफ्तर से गायब हो गए। मौके पर पहुंची सिटी कोतवाली पुलिस ग्रामीणों को समझाइश देती रही। लेकिन, ग्रामीण और किसान अपनी मांग पर अड़े रहे।

## रंग लगने से नाराज होकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

होली खेलने के दौरान रंग लगने से नाराज होकर एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। पुलिस को सुंदर यादव भूसापारा खल्लारी ने बताया कि 14 मार्च की दोपहर 1 बजे उसका पुत्र राजा यादव होली खेल रहा था, तभी विधिराज यादव रंग लगाने पर गुस्से में आ गया और गाली गलौज कर मारपीट करने लगा, जिससे उसका दौड़ते हुए गली में गिर गया और उसके सिर में चोट आई। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296(), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# गांजा तस्करी मामले में चार आरोपियों को 15-15 साल की सजा और अर्थदंड

**महासमुंद।** टोयोटा कार से सवा क्विंटल गांजा तस्करी के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने चार आरोपियों खरियार रोड जोंक निवासी 30 वर्षीय जितेंद्र सिंह बग्गा पिता परमजीत सिंह, म.प्र जबलपुर जिला के अंतर्गत पनागर निवासी 23 वर्षीय रोहित रजक पिता भोलाराम रजक, ग्राम आधारताल निवासी 24 वर्षीय गौरव दीक्षित पिता सुशील दीक्षित, पनागर निवासी 21 वर्षीय नीरज चौधरी पिता स्व. अशोक चौधरी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (II) (ग)के अपराध में 15-15 वर्ष की सश्रम कारावास तथा प्रत्येक को 1 लाख 20 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर प्रत्येक को 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास अलग से भुगतना होगा। इसी तरह 25 आयुध अधिनियम के अपराध में प्रत्येक आरोपियों को 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 10-10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर प्रत्येक को 1-1 वर्ष समश्र कारावास अतिरिक्त भुगतना होगा। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार खल्लारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत 21 अप्रैल 2023 को उप निरीक्षक अपने स्टाफ के साथ वाहन चेकिंग करने रवाना हुए। इसी दौरान बागबाहरा की ओर से एक स्लेटी रंग की टोयोटा कार क्रमांक सीजी 08 0681 आती हुई दिखाई दी, जिसे रोका गया। उसमें चार व्यक्ति सवार थे। पुलिस को देखकर वाहन चालक वाहन छोड़कर भागने लगा जिसे स्टाफ ने दौड़ाकर पकड़ा। भागने का कारण पूछने पर उसने वाहन में गांजा रखना बताया। गवाहों के समक्ष नाम पता पूछने पर वाहन चालक ने अपना नाम जितेंद्र सिंह, बगल सीट में बैठे व्यक्ति ने रोहित रजक तथा पीछे बैठे व्यक्तियों ने अपना नाम गौरव दीक्षित, नीरज चौधरी बताया। कार तलाशी के दौरान अलग-अलग कुल 42 पैकेट खाखी रंग के टेप से लिपटा हुआ 125.03 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपियों के जेब से ऑटोमेटिक देशी पिस्टल, 16 नग जिंदा कारतूस व एक फलदार चाकू जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना उपरांत कोर्ट को प्रकरण सौंपा गया था। अभियोजन की ओर विशेष लोक अभियोजक नूतन साहू ने पैरवी की।

# कार सवारों ने की मारपीट और मोबाइल को जलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर के एकता चौक में पान खाने गए एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसके मोबाइल को जलाने के मामले में पुलिस ने कार सवारों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

कोतवाली पुलिस को प्रार्थी राहुल सेवर ने बताया कि वह ग्राम बावनकेरा का निवासी है और महासमुंद में प्राइवेट काम करता है। 15 मार्च की रात 9 से 10 बजे के बीच वह अपनी मोटर सायकल से पान खाने के लिए एकता चौक गया था। वह एसबीआई एटीएम के बगल स्थित पान ठेला के पास गाड़ी खड़ी कर सामान खरीद रहा था। उसी समय महासमुंद से एक कार क्र. सीजी 04 पीए 2008 के चालक ने उसकी मोटर सायकल को ठोकर मार कर गिरा दी। जिसके बाद प्रार्थी ने अपनी मोटरसायकल उठाई और मोबाइल से फोटो खींचा। आरोप है कि कार चालक व उसके दो साथियों ने कार का फोटो खींचने पर आपत्ति जताते हुए और गाली गलौज कर प्रार्थी को जान से मारने की धमकी दी और और मोबाइल को जेब से निकाल कर फेंक दिया। जब मोबाइल को प्रार्थी ने उठाया तो हाथ से छीन कर मोबाइल को जला दिया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 324(4), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## मोबाइल से बात करते चलते ट्रक से गिरा युवक, हुई मौत


**महासमुंद।** चलती ट्रक का दरवाजा खोलकर मोबाइल से बात कर रहे युवक की गिरने से मौत हो गई। मामले की जांच के बाद सांकरा पुलिस ने बताया कि मर्ग क्रमांक 10/2025 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मृतक अमनदीप सिंह पिता जसबीर सिंह (24 साल) निवासी वार्ड नं 1 सिमबल कैंप जम्मू प्रदेश जम्मू कश्मीर की जांच की गई। पुलिस ने गवाह एवं परिजनों के कथन के आधार पर बताया कि 14 मार्च को ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचडब्लू 7054 में कटक से आयरन गोटी लोडकर भिलाई एनएच 53 रोड से आ रहे थे। ट्रक को अजय भीकाजी राठौड चला रहा था और ट्रक में नितिन भिकाजी, राजा खोबरागडे एवं अमनदीप सिंह ट्रक के सामने साइड में बैठे थे, इस दौरान अमनदीप सिंह ट्रक के बांये साइड के दरवाजा को खोलकर अपने मोबाइल फोन से बात करते-करते ग्राम भगतदेवरी तुलसी ढाबा के पास नीचे गिर गया। गिरने से ट्रक के बांये साइड के बीच के चक्कों की चपेट में आने से उसका सिर कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिससे अमनदीप सिंह का मौके पर ही मृत्यु हो गई। मामले में पुलिस ने धारा 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# 5वीं का पहला पर्चा हुआ, आज से होंगी 8वीं बोर्ड की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीयकृत परीक्षा प्रणाली अंतर्गत 14 साल बाद सोमवार से कक्षा 5वीं के गणित विषय से बोर्ड परीक्षा शुरू हुई। इसी तर्ज पर मंगलवार 18 मार्च को कक्षा 8 वीं की गणित विषय से बोर्ड परीक्षा शुरू होगी।

बता दें कि 2010-2011 के बाद से ही पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षा बंद है। तब से लेकर गत शिक्षण सत्र तक स्थानीय परीक्षा अंतर्गत बच्चों को फेल नहीं किया जा रहा था। पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं इससे पूर्व जिला स्तर पर ही घरेलू स्तर पर ली जाती थी और इसके प्रश्नपत्र स्कूल स्तर पर ही तैयार होते थे। इस वर्ष से स्कूल शिक्षा विभाग ने पांचवीं और आठवीं परीक्षाओं को फिर से बोर्ड पैटर्न की तर्ज पर लेने का निर्णय लेते हुए आदेश जारी कर दिए थे। परिणामस्वरुप प्रश्नपत्र स्कूल शिक्षा विभाग भेजेगा और मूल्यांकन के लिए कापियां दूसरे जिलों में भेजी जाएंगी।



जिले के 1429 परीक्षा केंद्रों में पांचवीं की परीक्षा शुरू हुई। इस साल इस परीक्षा में भाग लेने के लिए 17180 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया है। इसी प्रकार कक्षा आठवीं की परीक्षा 18 मार्च को गणित विषय के जिले के 589 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी । इस परीक्षा में भाग लेने के लिए जिले के 17891 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। इस बार 5 वीं में 40 अंक के लिखित प्रश्न रहेंगे व 10 अंक के परियोजना कार्य। वहीं 8 वीं में 80 अंकों के लिखित तथा 20 अंकों के परियोजना कार्य के अंक रहेंगे। मालूम हो कि परीक्षा पूर्व 12 मार्च को 5वीं व 8वीं परीक्षा को लेकर जिला समन्वयक केंद्र स्वामी आत्मानंद हाईस्कूल में परीक्षा संबंधित गोपनीय सामाग्री का वितरण हुआ और पुलिस की सुरक्षा में उन्हें नियत स्थानों में भेजा गया।

### परीक्षा समय सारिणी

| दिनांक | विषय |
|---|---|
| **कक्षा पांचवीं सुबह 9 से 11 बजे तक** | |
| 17 मार्च | गणित |
| 21 मार्च | अंग्रेजी |
| 24 मार्च | हिंदी |
| 27 मार्च | पर्यावरण |
| **कक्षा आठवीं सुबह 9 से 11 बजे तक** | |
| 18 मार्च | गणित |
| 22 मार्च | हिंदी |
| 26 मार्च | अंग्रेजी |
| 29 मार्च | सामाजिक विज्ञान |
| 1 अप्रैल | विज्ञान |
| 3 अप्रैल | संस्कृत |



## खबर संक्षेप

### लेन-देन के विवाद पर दो पक्षों में मारपीट



**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ लेन-देन के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चंचल शर्मा ने ओमप्रकाश साहू तथा कमलेश साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। चंचल ने पुलिस को बताया कि उसका भाई दुकान में सामान खरीदने गया था। इस दौरान ओमप्रकाश ने चंचल के भाई पर पैसे नहीं देने का आरोप लगाते हुए कार की चाबी छीनने तथा मारपीट करने का आरोप लगाया है। ओमप्रकाश ने भी चंचल तथा उसके भाई के खिलाफ पत्थर से सिर फोड़ने का आरोप लगाया है।

### शादी-नौकरी का झांसा देकर साढ़े पांच लाख ठगे

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में एक युवती ने एक युवक के खिलाफ शादी करने तथा एसईसीएल में नौकरी लगवाने का झांसा देकर पांच लाख 38 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामकुंड निवासी हेमलता साहू ने मुकेश कुमार साहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। युवती ने बताया कि मुकेश ने उससे ऑनलाइन संपर्क कर अपने आपको एसईसीएल का कर्मचारी बताकर शादी करने प्रस्ताव दिया। साथ ही युवती को भी एसईसीएल में नौकरी लगवाने का झांसा देकर पैसे ट्रांसफर कराकर ठगी की।

### रंग खेलने के विवाद पर दो पक्ष भिड़े, केस दर्ज



**रायपुर।** कोतवाली थाने में दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ रंग खेलने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिद्धार्थ चौक निवासी खेमचंद्र नागरची ने रविंद्र सिंह ठाकुर, अजय के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रविंद्र ने खेमचंद्र तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ जबरन रंग डालने का आरोप लगाया है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने में एक युवक ने दूसरे युवक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गोगांव निवासी भीम पटेल ने ऋषि राज के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। भीम ने पुलिस को बताया कि ऋषि ने आपसी रंजिश के चलते उसे रास्ते में रोककर मारपीट की है।

### बीच-बचाव करने पर युवक की पिटाई

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक युवक ने दूसरे युवक के खिलाफ झगड़े के दौरान बीच-बचाव करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ईश्वर यादव ने प्रियांशु साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। ईश्वर ने बताया कि प्रियांशु किसी दूसरे के साथ झगड़ा कर रहा था। वहां वह बीच-बचाव करने पहुंचा। इस बात से नाराज होकर प्रियांशु ने ईश्वर के साथ मारपीट की।

### फिल्मी गानों पर थिरके कलेक्टर और आईजी

**रायपुर।** होली का पर्व शांतिपूर्वक निपटने के बाद पुलिस परिवार ने दूसरे दिन पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह आयोजित किया। जहां पुलिस परिवार के इस आयोजन में रेंज आईजी अमरेश मिश्रा, एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह तथा पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान कलेक्टर, पुलिस अफसर तथा अन्य अधिकारी फिल्मी गानों तथा नगाड़े की थाप पर जमकर झूमे-नाचे। होली पर्व शांतिपूर्ण निपटने के बाद पुलिस अफसरों ने राहत की सांस ली। होली के दूसरे दिन पुलिस परिवार ने होली का आयोजन किया, जिसमें पुलिस विभाग के छोटे से लेकर बड़े अफसर तथा पुलिसकर्मी शामिल हुए। पुलिस परिवार के आयोजन में पुलिस परिवार की महिलाएं तथा बच्चे भी शामिल हुए। इस दौरान पुलिस अफसरों तथा कलेक्टर ने पुलिसकर्मियों का मुंह मीठा कराकर उन्हें होली की बधाई दी।





## हाईवा की टक्कर से पिकअप दुर्घटनाग्रस्त, 10 से ज्यादा घायल

**महासमुंद।** राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर बीती रात 3 बजे के आसपास एक सड़क हादसे में 10 से 12 लोग घायल हो गए। घायलों में एक को गंभीर चोटें आई है। जिसे पटेवा पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा इलाज के लिए भिजवाया। शेष सभी को मामूली चोटें आई। मिली जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 07 बीयू 2703 दुर्ग से बाबाधाम जा रही थी। पिकअप में लगभग एक दर्जन लोग सवार थे। पिकअप वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर टूरीडीह के पास पहुंची तो पीछे से आ रहे हाइवा क्रमांक सीजी 13 बीडी 5224, जो रायपुर से रायगढ़ जा रही थी ने पीछे से पिकअप को ठोकर मार दी। ठोकर से पिकअप वाहन खेत में चली गई। जिससे उसमें सवार 10 से 12 लोग घायल हो गये। सूचना पर पटेवा पुलिस मौके पर पहुंचकर एक गंभीर घायल को इलाज के लिए शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

# महिलाओं ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



बसना विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरोली में सरपंच सरोजिनी कौशिक के नेतृत्व में मातृ शक्ति महिलाओं के द्वारा होली मिलन समारोह को हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया।

ग्राम पंचायत बरोली के पंचायत भवन प्रांगण में हुए इस आयोजन का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना, दीप प्रज्वलन व मंत्रोच्चार के साथ किया गया।

मातृ शक्तियों के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन निश्चित रूप से आपसी प्रेम सद्भावना एवं महिलाओं में एकजुटता को प्रदर्शित करता है। उपस्थित सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग गुलाल से तिलक लगाकर रंगोत्सव होली की बधाई व शुभकामनाएं दी है। ग्राम बरोली के कीर्तन मंडली के द्वारा हरे राम,हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे सुमधुर गीत गाकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

एक स्वच्छ व स्वस्थ पावन पर्व होली मिलन समारोह की शुरुआत सरोजिनी कौशिक सरपंच, श्रीमती साव जनपद सदस्य की गरिमामयी उपस्थिति में की गई। महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण भजन कीर्तन में अपनी सहभागिता देते हुए नारी शक्ति को जागृत कर राधे राधे के जाप से स्थल कृष्ण मय हो गया।

उक्त शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत बरोली के पंच हेमकांति साहू, पंच हेमलता साव, विद्यावती दीवान , मखियारिन चौहान पंच, अगन बाई पंच, सीमा दास, यशोदा साव,देवानंद साव उप सरपंच, पंच गण प्रताप रूद्र साहू , हीरालाल पटेल, चमरू दास के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन सहित गांव की सैंकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन भुवनेश वैष्णव के द्वारा किया गया।

### बिहार से बरामद लड़कियों से पूछताछ में हो रहा खुलासा, लड़कियों को आश्रम में रखा गया

# पिता ने ही बेच दी थीं 'नटवरलाल' को चार बेटियां, 50 हजार में हुआ था सौदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रोहतास पुलिस ने एक पखवाड़े पूर्व दबिश देकर छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों की 41 नाबालिग लड़कियों का रेस्क्यू किया था। इन लड़कियों को दलाल नाच-गाना कराने के एवज में हर महीने मोटी रकम का लालच देकर अपने साथ ले गए और उन्हें देह व्यापार में धकेल दिया था। लड़कियों का रेस्क्यू किए जाने के बाद एसएसपी तथा कलेक्टर के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास के साथ पुलिस की टीम लड़कियों को लेने के लिए रोहतास रवाना हुई और 13 मार्च को सभी को रायपुर लाया गया। मामला नाबालिग लड़कियों से जुड़े होने की वजह से केस काफी ज्यादा संवेदनशील हो गया है। इसलिए पुलिस की टीम मामले की पड़ताल करने में काफी ज्यादा सतर्कता बरत रही है। रेस्क्यू की गई लड़कियों की लगातार काउंसिलिंग की जा रही है। पुलिस जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि और ऐसी कितनी नाबालिग लड़कियों को मानव तस्कर अपने साथ ले जा चुके हैं।

*बिहार, रोहतास के रेडलाइट एरिया से रेस्क्यू की गई 41 लड़कियों में चार नाबालिग रायपुर की रहने वाली हैं और चारों सगी बहनें हैं, इस बात का खुलासा पुलिस जांच में हुआ है। पूछताछ में लड़कियों ने बताया कि उनके पिता ने उन्हें बिहार के एक दलाल नटवरलाल के पास 50 हजार रुपए में चार वर्ष पूर्व बेच दिया था। लड़कियों के बयान सामने आने के बाद पुलिस नाबालिग बहनों के पिता के साथ दलाल की खोजबीन में जुट गई है।*

### जाने के बाद लड़कियों को अपने बेचे जाने की मिली जानकारी




#### पत्नी की मौत के बाद बेटियों को बेचा

पूछताछ में लड़कियों ने रेस्क्यू टीम को बताया है कि चार वर्ष पूर्व उनकी मां की मौत हो गई थी। इसके बाद पिता ने हम पर ध्यान देना बंद कर दिया। लड़कियां अपने पिता के साथ रोड किनारे रहती थीं। सभी कचरा बीन कर अपनी रोजी-रोटी चलाते थे। इसी दौरान लड़कियों का पिता नटवरलाल के संपर्क में आया। नटवरलाल उनके पिता को मोटी कमाई का झांसा देकर चारों बेटियों को अपने साथ नाचा पार्टी में शामिल करने के बहाने बिहार ले गया। इसके एवज में नटवरलाल ने चारों बहनों के पिता को 50 हजार रुपए दिए।

#### अकेले आने-जाने पर रोक


लड़कियों ने रेस्क्यू टीम को बताया कि उन्हें एक छोटे कमरे में जानवरों की तरह ठूंस-ठूंस कर रखते थे। साथ ही अकेले बाहर आने-जाने पर रोक थी। लड़कियां कहीं जाती थीं, उनके साथ नटव लाल का एक आदमी जाता था। जिन लड़कियों का फेस ठीक नहीं होता था। उन लड़कियों को रेस्टोरेंट या अन्य जगहों पर काम पर लगा दिया जाता था।

#### दूसरे के साथ सोने के लिए कहा, तब पता चला

रायपुर की जिन चार लड़कियों का पुलिस ने रेस्क्यू किया है, उनमें एक की उम्र 17 वर्ष है। 17 वर्षीय नाबालिग ने रेस्क्यू टीम को बताया कि नटवरलाल ने उन्हें अपने साथ ले जाने के छह माह बाद उसे एक आदमी के पास जाने के लिए बोला। लड़की ने इंकार किया तो नटवरलाल ने उसके साथ मारपीट करते हुए लड़की को उसके बाप से खरीदकर लाने की जानकारी दी। तब चारों बहनों को अपने बेचे जाने की जानकारी मिली।

### तीन दिनों तक रहे 'लू' के हालात

# छाएंगे थोड़े बादल, पर कम नहीं होंगे गर्म हवा के थपेड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस बार होली के दौरान गर्मी ने अपना पूरा असर दिखाया और तीन दिनों तक लू के हालात प्रदेशभर में बने रहे। होली के दूसरे दिन तो गर्मी अपने चरम रही तथा सारे शहर का तापमान पांच डिग्री तक ऊपर चढ़ा रहा। रविवार को भी तापमान 40 डिग्री के इर्द-गिर्द रहा, जिसमें तीन दिन कमी आने के आसार हैं।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हल्के बादल भी छाएंगे। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी और हल्की बारिश भी होगी, लेकिन ये गर्म हवाओं के थपेड़े पर बड़ा असर नहीं डाल पाएगी। मार्च में 40 डिग्री टेम्प्रेचर दूसरे पखवाड़े के अंतिम दिनों में असर दिखाता है, मगर इस बार गर्मी पहले ही अपना असर दिखाने लगी है और होली पर तो इसने कोई कसर नहीं छोड़ी। गर्मी के तेवर गुरुवार यानी होलिका दहन के दिन ही दिखने लगे थे और मौसम विभाग को लू का अलर्ट जारी करना पड़ गया था।

इसके बाद शुक्रवार यानी रंग-गुलाल के दिन भी तेज गर्मी रही। शनिवार को प्रचंड गर्मी ने रायपुर समेत पूरे प्रदेश को झुलसाकर रख दिया और अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर हो गया। रविवार को पारा थोड़ा नरम तो पड़ा, मगर साथ में चल रही तेज हवा के वजह से लू का अहसास होता रहा।

#### 20 तक मौसम नरम-गरम

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले तीन दिनों में आने वाले दो पश्चिमी विक्षोभ प्रदेश के मौसम को प्रभावित करेंगे। इनके असर से छाने वाले हल्के बादलों के प्रभाव से 20 फरवरी तक मौसम नरम-गरम रहने की संभावना है। इस दौरान दिन की तेज धूप से थोड़ी राहत तो मिल सकती है, मगर रात में उमस वाली गर्मी अपना असर दिखाएगी।

#### 42 डिग्री का रिकार्ड

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले दस साल में अधिकतम तापमान दो बार 42 डिग्री के करीब पहुंचा है। वर्ष 2017 और 2022 में अधिकम तापमान क्रमशः 30 और 31 मार्च को दर्ज किया गया था। रायपुर में इस बार 15 मार्च को अधिकतम तापमान 40 डिग्री तक पहुंच चुका है। आने वाले दिनों में तापमान सहित गर्मी और बढ़ने की संभावना है।

# किसान पूरन निषाद के परिवार से मिले किसान नेता राकेश टिकैत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने ग्राम सिंघनपुर के मृतक कृषक पूरण निषाद पिता सुधराम निषाद (55 वर्ष) के परिवार से मुलाकात की।

मृतक की पत्नी पंचवती निषाद, पुत्र कुलेश्वर निषाद, टिकेश्वर निषाद से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की है। साथ ही मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर पीड़ित परिवार को सहयोग प्रदान करने केंद्रीय कार्यालय के माध्यम से पत्र प्रेषित करने की बात कही है।

गौरतलब है कि मृतक किसान के पास करीब पौने तीन एकड़ स्वयं की कृषि भूमि है तथा करीब दो एकड़ रेग में लेकर खेती किसानी करता है जो इस वर्ष रबी फसल धान बोया था। सिंचाई के लिए स्वयं के नाम स्थायी बिजली कनेक्शन है। पुराने बोर में मोटर पंप फंस जाने के कारण उसमें दूसरा मोटर पंप लगाकर सिंचाई करता था। इस प्रकार खेती करने के लिए मृतक किसान द्वारा ग्रामीण बैंक शाखा झलप में करीब एक लाख पचपन हजार रुपये का केसीसी कर्ज है। इसके अलावा करीब दो लाख रुपये साहूकारी कर्ज होना बताया है। बिजली की लो वोल्टेज की समस्या के कारण खेतों की सिंचाई पूरा नहीं होने से धान फसल सूख रहा था, जिससे किसान बहुत ही ज्यादा चिंतित रहता और अपने परिवार से हमेशा चर्चा किया करता था कि फसल नहीं होने से कर्ज कैसे चुकायेंगे।

पीड़ित परिवार से मुलाक़ात करने वालों में चौधरी राकेश टिकैत के साथ भारतीय किसान यूनियन बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष चौधरी अरनसिंह, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी प्रवीण क्रांति, प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा नरवाल, प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही, महासमुंद जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चंद्राकर शामिल थे।

### युवक से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

झिलमिला चेकपोस्ट के पास एक युवक के साथ दो लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को प्रार्थी चंदन निवासी ग्राम नवापाली ने बताया कि वह 16 मार्च की शाम करीब 6.30 बजे झिलमिला चेक पोस्ट के पास अपने दोस्त हीराचंद्र प्रधान, मुरली प्रधान एग रोल खाने के लिए रूके थे, उसी समय भीषम यादव निवासी पुटका और बोधराम यादव निवासी नवापाली आए और गाली गलौज कर वहां से चले गए। इसके बाद शाम करीब 7 बजे वह मेन रोड रौनक होटल के आगे अपने दोस्तों का इंतजार करते खड़ा था। उसी समय भीषम यादव और बोधराम यादव आए और दोनों ने एक राय होकर गाली गलौज कर तुझे जान से मार देंगे मारपीट करने लगे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# बोर खनन अनुमति प्रमाण पत्र के लिए किसानों को किया जा रहा परेशानः विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व

- अनापत्ति के लिए किसानों से की जा रही रूपए की मांग



महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि शासन -प्रशासन द्वारा किसानों को रबी फसल से वंचित करने, हतोत्साहित करने तरह-तरह से परेशान किया जा रहा है। पहले बोर खनन पर प्रतिबंध लगाने जिले को जलाभाव क्षेत्र घोषित कर दिया गया। वहीं, किसानों को बोर खनन से वंचित करने अनुमति लेने की अनिवार्यता कर दिया गया। एसडीएम से अनुमति लेने से पूर्व किसानों से पीएचई तथा पटवारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र मंगाया जा रहा है, जो उन्हें नहीं दिया जा रहा।

श्री चंद्राकर ने कहा कि रबी सीजन में धान फसल लेने से कृषकों को जिला प्रशासन द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से हतोत्साहित किया जा रहा है। जिला महासमुंद की भौगोलिक स्थिति एवं जलवायु धान फसल के लिए उपयुक्त है। लेकिन, जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग द्वारा बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज कर किसानों को लगातार परेशान किया जा रहा है। किसान की फसल बिजली कटौती के कारण सूख रही है, फलस्वरूप किसान आत्महत्या करने मजबूर हैं।

### होली



**महासमुंद।** वार्ड 4 के पार्षद राहुल आवड़े ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाई होली।

# कोपेडीह-रामपुर में अवैध महुआ शराब के खिलाफ उठी आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

#### युवाओं ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग

ग्राम कोपेडीह, रामपुर में अवैध महुआ शराब का निर्माण एवं विक्रय के खिलाफ आसपास के ग्रामीण युवाओं ने प्रदर्शन कर एसपी को ज्ञापन सौंपा है। जिले के भखारा तहसील स्थित कोपेडीह और रामपुर महुआ शराब बनाने और बेचने के नाम से प्रसिद्ध है। सालों से इन गांवों में अवैध शराब का कारोबार फलफूल रहा है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी आबकारी और पुलिस प्रशासन को नहीं है। कई बार पुलिस कार्रवाई के बाद भी अवैध शराब का गोरखधंधा बेखौफ जारी है।

सोमवार को ग्राम पचपेड़ी, हंचलपुर, भेलवाकूदा के अनेक युवा एसपी कार्यालय पहुंचे। कोपेडीह तथा रामपुर में महुआ शराब बनाने और बेचने के खिलाफ प्रदर्शन कर एसपी से मुलाकात की। उन्होंने एसपी को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि कोपेडीह और रामपुर में अवैध शराब के कारोबार से आसपास के ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे स्वास्थ्य को खतरा, अपराध, सामाजिक अशांति, आर्थिक नुकसान तथा युवाओं की मानसिकता पर बुरा असर पड़ रहा है। शिक्षित वर्ग के लोगों को गांव से पलायन करना पड़ रहा है। शाम के समय महिलाओं, छात्रों का सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया है। शराब बनाने के बाद बचे अपशिष्ट पदार्थों को खुले मैदान, तालाब, धरसा रोड, कच्ची नाली, सड़क किनारे तथा दूसरे गांव के मैदानों के अलावा देवस्थल के पास फेंका जा रहा है। इससे आसपास के गांव में तनाव की स्थिति निर्मित है। युवाओं ने कच्ची शराब का निर्माण, विक्रय में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में आगे कहा है कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर अंचल के ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**खबर संक्षेप**



## शहीद स्मारक में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में भारत के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ परम विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित एवं भारत माता के वीर सपूत जनरल बिपिन रावत की जयंती पर शहीद स्मारक खरोरा के आसपास जगह पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दरान पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, कनक राम निषाद, अरुण साहू, गुलशन चंद्राकर, संवेदना समूह के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा 16 मार्च के दिन जनरल बिपिन रावत की जयंती को मनाया जाता है और उन्होंने देश के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है

## पीएम रोजगार सृजन योजना से मिली मदद

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम सुखरीडबरी के निवासी डामन कुमार साहू एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद कौशल विकास योजना के तहत कंप्यूटर ऑनलाइन सर्विस की ट्रेनिंग ली। लेकिन सीमित वित्तीय संसाधनों के कारण वे अपना खुद का कंप्यूटर सेंटर स्थापित करने में असमर्थ थे। इसी दौरान, उनके मित्र ने उन्हें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के बारे में बताया, जिसके तहत सरकार 35 प्रतिशत अनुदान के साथ ऋण प्रदान करती है। इस योजना की जानकारी मिलते ही डामन ने खादी ग्रामोद्योग विभाग, जिला पंचायत महासमुंद से संपर्क किया और आवेदन किया। उसकी पात्रता की जांच के बाद भारतीय स्टेट बैंक, बागबाहरा शाखा ने उन्हें 4 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया। इस आर्थिक सहायता से डामन न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में सफल हुए, बल्कि अपने क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणा बन गए हैं।

## घायल जंगली भालू मुड़खुसरा में मिला

**चारामा।** चारामा वन परिक्षेत्र चारामा के अंतर्गत ग्राम मुड़खुसरा में सोमवार 17 मार्च की सुबह एक जंगली भालू घायल अवस्था में खेत पर मिला है। जानवर के सामने के दोनों पैर में चोट लगी हुई है, जिसके चलते भालू के किसी सड़क हादसे का शिकार होने की आशंका जताई जा रही है। गांव वालों की सुबह नजर खेत में पड़े घायल भालू पर पड़ी।

# कायस्थ समाज के होली मिलन में शामिल हुए नपाध्यक्ष साहू

### नपाध्यक्ष ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा कर समाज की उन्नति के लिए प्रार्थना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

होली पर्व शहर में आपसी प्रेम व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाया गया। विभिन्न समाजों द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन भी किए गए। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। इसी कड़ी में होली दूज के अवसर पर दिनांक 16 मार्च रविवार को कायस्थ समाज द्वारा वार्ड 29 स्थित सामाजिक भवन में आयोजित होली मिलन समारोह में नपाध्यक्ष श्री साहू शामिल हुए। सर्वप्रथम श्री साहू ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा कर समाज की उन्नति व सद्भावना के लिए प्रार्थना की। उन्होंने समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्रदान करने पर समाज जनों का आभार व्यक्त किया तथा समाज के साथ हर परिस्थिति में खड़े रहने की बात कही। कार्यक्रम में समाज की ओर से श्री साहू का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में



वार्ड-29 के पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज महासमुंद चित्रांश जिलाध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव, नितेश श्रीवास्तव, घुमुक श्रीवास्तव, रेखराज श्रीवास्तव, अरूण श्रीवास्तव, प्रभात श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, सतीश सिन्हा, अजय श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, निर्मला श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष नैना श्रीवास्तव, नीता श्रीवास्तव, निशि, रीना, नूपुर, रश्मि, सरला, नेहा, शारदा, सोनाली, सीमा, निधि, नीता सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

### नपाध्यक्ष निवास पर होली मिलन समारोह

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के समस्त वार्डों से नागरिक शामिल हुए। श्री साहू व उनके परिवारजनों द्वारा नागरिकों, कार्यकर्ताओं, युवाओं का स्वागत वंदन कर होली की शुभकामनाएं दी गई। ढोल नगाड़ों की थाप पर फाग गीतों का दौर दिन भर चलता रहा। इस दौरान श्री साहू के निवास पर कार्यकर्ताओं व आम नागरिकों के लिए शीतल पेय की व्यवस्था भी की गई।

# तेतेलखुंटी समिति ने 1500 पौधों का रोपणकर रखी मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

प्रकृति संरक्षण और हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए,



जयसिंह ठाकुर, अध्यक्ष आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, तेतेलखुंटी गरियाबंद, एवं अध्यक्ष, भारतीय किसान संघ, अमलीपदर, मैनपुर, गरियाबंद एवं विघ्नेश्वर साहू शासकीय प्राथमिक शाला कुर्रापारा बुर्जाबहाल मैनपुर गरियाबंद ने 1500 पौधों का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल पेश की। यह प्रेरणा उन्हें योगेश कुमार बढ़ाई द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान और ₹एक आदमी, एक वृक्ष – सुनहरा हो भविष्य थीम से मिली।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक पहल

वृक्षारोपण अभियान के तहत आम, सागौन, सुपारी, जामुन, अंजीर, चंदन, सिंदूर, कटहल, मुनगा समेत कई औषधीय एवं छायादार पेड़ों के 1500 पौधे लगाए गए। इस अभियान का उद्देश्य प्राकृतिक संतुलन बनाए रखना, ग्लोबल वॉर्मिंग की समस्या को कम करना और आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ एवं हरा-भरा पर्यावरण देना है।

### 2017 में छोटे प्रयास से शुरू हुई थी यह हरित क्रांति

वृक्षारोपण अभियान की नींव योगेश कुमार बढ़ाई ने 2017 में अपने निवास मोहगांव में रखी थी। शुरुआत में यह पहल कुछ सीमित लोगों के सहयोग से शुरू हुई थी, लेकिन धीरे-धीरे यह एक महाअभियान का रूप ले चुकी है। इस अभियान में प्रणव प्रधान, कमलेश बारीक, शैलेंद्र कर, किरण भोई, मोहनलाल साव, प्रताप प्रधान, मनोज बढ़ाई, हेमसागर बारीक, दिगेश साहू, कुलदीप साहू जैसे पर्यावरण प्रेमियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### राज्य की सीमाओं से निकलकर पूरे देश में फैला अभियान

योगेश कुमार बढ़ाई के प्रयासों से शुरू हुआ यह अभियान आज सिर्फ छत्तीसगढ़ तक सीमित नहीं है, बल्कि राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात जैसे कई राज्यों में लोग इससे प्रेरित होकर वृक्षारोपण कर रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रति बढ़ती जागरूकता इस अभियान की सफलता को दर्शाती है।

### एक आदमी, एक वृक्ष आंदोलन बना प्रेरणास्रोत

वृक्षारोपण अभियान की सफलता सिर्फ योगेश कुमार बढ़ाई ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। यह पहल समाज के हर वर्ग को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित कर रही है। इस महाअभियान का लक्ष्य हर व्यक्ति को एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करना और एक हरा-भरा, समृद्ध भविष्य तैयार करना है। इस वृक्षारोपण कार्य ने यह साबित कर दिया है कि अगर हर व्यक्ति एक पौधा लगाए और उसका संरक्षण करें, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, स्वस्थ और हरित पृथ्वी की कल्पना साकार हो सकती है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलडीह में मनाया विश्व ग्लूकोमा सप्ताह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महासमुंद के निर्देशन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी पिथौरा के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर पवित्रा शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलडीह में राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत विश्व ग्लूकोमा सप्ताह मनाया गया। जिसमें बताया गया कि ग्लूकोमा (कांच बिंदु) आंख के अंदर एक ऐसी स्थिति है जिसमें आंखों का तनाव धीरे-धीरे बढ़ता है और धीरे-धीरे ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचाता है, जिसको ग्लूकोमा कहते है एवं ग्लूकोमा की शिकायत 45 वर्ष से अधिक जिसको उच्च रक्त चाप या मधुमेह हो और जिसको निकट एवं दूर दृष्टि दोष हो। उसको ग्लूकोमा हो सकता हो।

ग्लूकोमा का उपचार संभव नहीं है किंतु इसको समय रहते बढ़ने से रोका जा सकता है। ग्लूकोमा से बचने के लिए समय-समय पर नजदीकी स्वास्य केंद्रों पर अपनी आंखों की जांच कराते रहना चाहिए। ग्लूकोमा के उपचार में मरीज का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान यह है कि उनको जल्द से जल्द आंख की जांच करानी चाहिए। यदि ग्लूकोमा के कारण आंख की दृष्टि चली गई तो उसे जांच कराकर उपचार किए जाए तो दृष्टि को बचाया जा सकता है। उक्त जानकारी डॉ प्रगति गुप्ता चिकित्सा अधिकारी पीएचसी सलडीह, मनीष भारद्वाज प्रभारी पीएचसी सलडीह एवं प्रमोद साहू नेत्र सहायक अधिकारी पीएचसी सलडीह ने दी।

# नपाध्यक्ष ने किया सफाई मित्रों को सुरक्षा उपकरण व ड्रेस किट का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिल कांत

- शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में आयोजित हुआ कार्यक्रम



साहू ने डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य में अपनी सेवाएं देने वाले नगर पालिका अधीनस्थ खैरा, खरोरा, तुमाडबरी तथा दलदली रोड स्थित एसएलआरएम सेंटर के 100 से अधिक सफाई मित्रों को सुरक्षा उपकरण एवं ड्रेस किट का वितरण किया। उन्होंने पालिका के सफाई कार्यों एवं शहर की स्वच्छता में सफाई मित्रों की अति महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

नगर पालिक महासमुंद मिशन क्लीन सिटी के तहत संपूर्ण पालिका क्षेत्र में डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण का कार्य चल रहा है।

इस कार्य में सौ से अधिक सफाई मित्र अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, जो घर-घर पहुंचकर घरों व दुकानों से सूखा व गीला कचरा का संग्रहण करते हैं। इस संग्रहित कचरे को पालिका से संचालित 4 एसएलआरएम सेंटरों में लाकर उसके समुचित निष्पादन की प्रक्रिया सुनिश्चित कराते हैं।

सोमवार को शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नगर पालिका के समस्त एसएलआरएम सेंटरों के 100 से अधिक सफाई मित्रों को सुरक्षा उपकरण व ड्रेस किट का वितरण किया। सुरक्षा उपकरण के तहत दस्ताने, मास्क, कैप एवं जूते तथा ड्रेस किट के अंतर्गत साड़ी व एप्रेन का वितरण किया गया।

इस मौके पर नपाध्यक्ष ने सफाई मित्रों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि नगर की साफ-सफाई व्यवस्था एवं स्वच्छता में सफाई मित्रों की अतिमहत्वपूर्ण भूमिका है। इनके परिश्रम की बदौलत ही हम शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान दिला पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं सफाई मित्रों की इस महत्वपूर्ण भूमिका के लिए उनकी सराहना करता हूं। इस अवसर पर पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, मुश्ताक खान, नीरज चंद्राकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी एस डी शर्मा, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर, एसबीएम प्रभारी नौशाद बक्श, एसएलआरएम सेंटर की इंचार्ज रमा महानंद आदि उपस्थित थे।



## वॉल्व की नपाध्यक्ष ने कराई मरम्मत

**महासमुंद।** ग्राम साराडीह मोड़ के पास आज मुख्य पाइप लाइन के वा़ॅव से पानी लीकेज होने की सूचना मिलते ही पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। तथा कर्मचारियों को मरम्मत कार्य में लगाया। उन्होंने कर्मचारियों को शीघ्र मरम्मत करने निर्देशित किया। ताकि, जलापूर्ति बाधित न हो। ज्ञात हो वॉल्व लीकेज होने के कारण भारी मात्रा में पानी प्रेशर से बाहर बह रहा था।

# गणित विषय से शुरू हुई पांचवीं की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीयकृत परीक्षा 2025 के अंतर्गत आज कक्षा 5वीं के प्रथम प्रश्न पत्र गणित की परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। संकुल केंद्र तुमगांव के अंतर्गत कुल 8 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 190 छात्र पंजीकृत थे। 182 बच्चों ने परीक्षा दिलाई 8 बच्चे अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी संचालन हेतु प्रत्येक परीक्षा केंद्र में केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति की गई, जो परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने में सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा, पर्यवेक्षकों की तैनाती भी की गई, जो परीक्षा के प्रत्येक दिवस अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने के लिए प्रश्न पत्र थाना तुमगांव में सुरक्षित रखे गए, जिन्हें प्रत्येक परीक्षा दिवस पर विषयवार परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाता है। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय, तुमगांव को संकुल



परीक्षा समन्वय केंद्र बनाया गया है, जहां से परीक्षा संचालन से संबंधित सभी कार्यों का समन्वय किया जा रहा है। यहां तरुण एवं पवन परीक्षा संचालन, मार्गदर्शन, वितरण एवं जमा करने के लिए उपस्थित रहते हैं।

परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक सहित विभिन्न अधिकारियों द्वारा संपूर्ण विकासखंड में सतत निरीक्षण किया जा रहा है। अधिकारीगण परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं, जिससे परीक्षा प्रक्रिया में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो और परीक्षा पूर्णतः निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनी रहे। इस परीक्षा में संकुल अंतर्गत पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय, अनुदान शाला, निजी विद्यालय सहित समस्त शासकीय विद्यालय सम्मिलित हो रहे हैं। परीक्षा के उपरांत छात्रों ने प्रतिक्रिया दी कि गणित का प्रश्न पत्र सरल था और उन्होंने इसे आसानी से हल किया। उपरोक्त जानकारी संकुल केंद्र तुमगांव के समन्वयक आशीष कुमार साहू ने दी है।



## सराईपाली में हर्षोल्लास के साथ मना होली पर्व

**तेंदूकोना।** ग्राम पंचायत मोंगरापाली स आश्रित ग्राम सराईपाली में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास के साथ मनाया। सरपंच भूमिका विनय साहू ने कहा भारतीय नारी का हर रूप अनूठा है, अनुपम है अवर्णनीय है। ममता, साहस, संयम और सौंदर्य जैसे दिव्य गुणों को वक्त-जरूरत इतनी दक्षता से प्रकट करती है कि सारा परिवेश चौंक उठता है। इस नारी शक्तियों ने एक दूसरे को रंग लगाते हुए कहा कि आज के दौर महिला सशक्तिकरण का है, एक सशक्त महिला अपने परिवार का मजबूत आधार बनती है जीवन के संघर्षों को साझा करते महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करती है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र परिवारों के लिए सर्वे जारी, 31 मार्च अंतिम तिथि

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आगामी पांच वर्षों (2024-25 से 2028-29) में पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए सर्वेक्षण कार्य जारी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें "आवास प्लस" सूची में शामिल किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस. आलोक ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और आवास मित्र को प्रगणक नियुक्त किया गया है। वे "आवास प्लस" एप के माध्यम से सर्वेक्षण कर रहे हैं। यदि किसी पात्र परिवार का नाम सूची से छूट जाता है, तो वह संबंधित ग्राम पंचायत सचिव से संपर्क कर अपना सर्वे निःशुल्क करवा सकता है।

# गोस्वामी समाज ने होली मिलन का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा ग्राम लभरा कला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती, प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि, सांसद प्रतिनिधि नारेंद्र प्रकाश गिरि, सहकारी समिति खट्टी के अध्यक्ष हुलास गिरि, ज्योतिषाचार्य आचार्य तरूण पुरी तथा खोमन भारती उपस्थित थे, जिनका आयोजन समिति द्वारा हरवा माला पहनाकर होलियाना अंदाज में स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, विजय पुरी तथा प्रकाश गिरि द्वारा पारंपरिक छत्तीसगढ़ी फाग गीत प्रस्तुत किया



गया जिनका साथ नगाड़ा बजाकर शंकर पुरी, यशवंत गिरि और चंदन पुरी द्वारा दिया गया। फाग गायन और वादन इतना अच्छा और कर्णप्रिय था कि अतिथियों सहित उपस्थित सभी लोग जमकर नाचे और कार्यक्रम का आनंद लिया।

कार्यक्रम का संचालन सचिव ओमप्रकाश पुरी ने तथा आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष रामेंद्र प्रकाश गिरि द्वारा किया गया। इस अवसर पर डिगेंद्र गिरि, चुनेश्वर पुरी, नागेंद्र भारती, जितेंद्र गिरि, मनोज गिरि, राजेंद्र गिरि, दानी गिरि, चोला गिरि, गिरवर गिरि, युवराज बन, हिमांचल गिरि, नोहर गिरि, देव गिरि सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाई गई होली, जमकर उड़े रंग

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के वार्ड नंबर 3 में होली पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाई गई जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा रंग, गुलाल और अबीर से एक- दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। शुक्रवार को ग्राम खरोरा में होली का बड़ी धूमधाम से मनाई गई होली शांतिपूर्ण रही होली की उमंग गुरुवार से ही दिखने लगा था।

### खल्लारी मातेश्वरी ट्रस्ट कमेटी की बैठक आज

**खल्लारी।** धार्मिक दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी स्थित श्री खल्लारी मातेश्वरी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के कार्यकारिणी व आजीवन सदस्यों का बैठक मंगलवार 18 मार्च को दोपहर 12 बजे से श्री जगन्नाथ स्वामी के मंदिर कार्यालय में रखा गया है। जिस आयोजित बैठक में चैत्र नवरात्र व खल्लारी मेला महोत्सव के आयोजन को लेकर चर्चा होगी। उक्त बैठक की जानकारी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सचिव तोषराम साहू ने दी है।

### सोनई रूपई मंदिर में नवरात्र की तैयारी

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में चैत्र नवरात्र पर्व पर माता सोनई रूपई मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। 30 मार्च घटना स्थापना श्री शैलपुत्री, वेदी पूजन प्रातः 11.36 से 12.24 बजे तक, 2 अप्रैल बुधवार को स्कंद माता एवं श्रृंगार पूजन 8 बजे से, 5 अप्रैल महागौरी पूजन कार्यक्रम शाम 4 बजे होगा। उक्त जानकारी सुभाष शर्मा, होरीलाल साहू, कमलेश कुमार ध्रुवंशी, गजेंद्र साहू, भूपेंद्र साहू ने दी।

### ब्राह्मण समाज का होली मिलन कल

**महासमुंद।** सर्व ब्राह्मण समाज महासमुंद के तत्वावधान में 19 मार्च बुधवार को शाम 5 बजे से आश्रम रोड समाज भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी विप्रजन उपस्थित रहकर प्रेम व सौहार्द्रपूर्वक नगाड़ों के थाप व सुमधुर फाग गीत के साथ रंगोत्सव का आनंद लेंगे तथा 30 अप्रैल को सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा निकाली जाने वाली भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा के तैयारी व आगामी कार्यक्रमों के संबंध में करें। अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने जिले में विप्र बंधुओं से सपरिवार उपस्थित रहकर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने की अपील की।

# वित्त मंत्री से विधायक ने रायपुर बरगढ़ रेल लाइन निर्माण की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

जनपद परिसर ने आयोजित निर्वाचित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व जनपद सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में राज्य के वित्तमंत्री ओपी चौधरी शामिल हुए। इस दौरान अपने उद्बोधन में विधायक चातुरी नंद द्वारा वर्षों से क्षेत्र की मांग व रायपुर बरगढ़ रेललाइन निर्माण संघर्ष समिति द्वारा विगत 4 वर्षों से विभिन्न रेल निर्माण हेतु संघर्षरत बहुप्रतीक्षित रेल लाइन निर्माण के लिए तथा नगर में सुगम व सुरक्षित यातायात के लिए व भारी वाहनों के नगर में प्रवेश को रोके जाने हेतु लिंक रोड की मांग की गई। अपने उद्बोधन में सरायपाली को रेल लाइन सुविधा प्रदान किए जाने के विभिन्न कारणों का भी विधायक ने उल्लेख किया।

ज्ञात हो कि रायपुर बरगढ़ रेललाइन निर्माण संघर्ष समिति सरायपाली पिछले 4 वर्षों से इस मार्ग पर नई रेल लाइन निर्माण के लिए संघर्षरत है। इस रेलमार्ग में आने वाले 4 लोकसभा रायपुर, महासमुंद, बरगढ़ व संबलपुर के सांसदों व विधायकों के साथ ही क्षेत्र के विभिन्न संस्थाओं व सामाजिक संस्थाओं ने अपना समर्थन पत्र समिति को सौंपा है। इस संबंध में समिति के सदस्यों ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की थी। एक माह के अंदर ही उनके द्वारा सर्वे का आदेश जारी कर दिया गया था जिसके परिपेक्ष्य में सर्वे के साथ ही मिट्टी परीक्षण का कार्य पूर्ण हो चुका है। रायपुर कलेक्टर की रिपोर्ट के अभाव में आगे की प्रक्रिया रुक सी गई है। इस संबंध में समिति के सदस्यों द्वारा रायपुर कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें शीघ्र चाही गई जानकारी उपलब्ध कराने के अनुरोध पर तुरंत रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश भी दिया। इसी तरह नगर में बेहतर व सुरक्षित यातायात हेतु गौरव पथ का निर्माण तो हो रहा है पर सरसींवा व सारंगढ़ से आने व जाने वाली भारी वाहनों के लिए कोई सुरक्षित व वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण इन सभी भारी वाहनों को ठीक नगर के मध्य से गुजरना उनकी मजबूरी हो जाती है। जिससे यातायात तो प्रभावित होता ही है साथ ही दुर्घटनाओं की संभावना भी बनी रहती है।



नगर के बाहर बैतारी ग्राम से सारंगढ़, सरसींवा व भंवरपुर मार्ग होते हुए रिंग रोड बोंदा, बालसी व 100 बिस्तर अस्पताल के पास से निकालते हुए सीधे पठानिया ढाबा के आसपास नए रिंगरोड के नियम से उपरोक्त सभी समस्याओं का समाधान संभव हो सकेगा।

इस महत्वपूर्ण व आवश्यक रिंगरोड की मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक चातुरी नंद ने बताया कि इसकी मांग उनके द्वारा वित्तमंत्री के समक्ष की गई है। साथ ही इसके निर्माण कराए जाने हेतु संबंधित मंत्रियों व विभागों को लिखित में प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान किए जाने हेतु पत्र भी लिखा जा रहा है।

### दिक्कत : जोंक नदी सूखने से जलस्तर कम हुआ

# मार्च में ही हैंडपंप सूखने लगे निस्तारी की समस्या बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

होली त्यौहार मनाते ही क्षेत्र में गर्मी एवं सूरज ने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। अभी से ही ग्रामीण क्षेत्रों में पीने का पानी के साथ ही निस्तारी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। ज्ञात हो कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है अभी से हैंडपंप सूखने लगे है। वहीं छोटे-छोटे तालाब की जल स्तर सूख रहे है इससे ग्रामीण क्षेत्रों में निस्तारी तथा मवेशियों के लिए पीने के पानी की समस्या खड़ी हो सकती है।



बागबाहरा विं खंड के अंतिम छोर ओडिशा और छत्तीसगढ़ बीच बहने वाली जोंक नदी बीते तीन माह यानी दिसंबर से ही सूख चुकी है। जिसके चलते वाटर लेवल गिर चुका है। लगभग चार हजार जनसंख्या वाले ग्राम पंचायत नर्रा में नल जल संचालित है, लेकिन होली त्यौहार के पहले से वहां के ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भारी जद्दोजद करना पड़ रहा है। कुछ महिलाएं कुएं से पानी लाने को मजबूर हैं। इसके लिए करीब एक से दो किलोमीटर दूरी चलना भी पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक पाइपलाइन वाल में खराबी के चलते तीन दिनों से टंकी से पानी की सप्लाई बाधित रहा। चौथे दिन सुधार होने के बाद पानी की सप्लाई शुरू हो सकी। ग्राम झिटकी में भी हैंडपंप खराब है जिसे सुधारने पीएचई विभाग के कर्मचारी सुबह से ही गांवों में पहुंच रहे हैं।

# बकमा के नवनिर्वाचित सरपंच, उप सरपंच एवं पंचों ने विधायक से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने गांव के विकास के लिए विधायक से की चर्चा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बकमा के नवनिर्वाचित सरपंच, उप सरपंच एवं पंचों ने सोमवार को खल्लारी विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव द्वारकाधीश यादव से मुलाकात की।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने गांव के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं, आवश्यक विकास कार्यों और योजनाओं पर विधायक से मार्गदर्शन मांगा। विधायक द्वारिकाधीश यादव ने सभी जनप्रतिनिधियों को विजय श्री पाने पर हर्ष जताया और उन्हें ग्राम विकास के लिए तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे ग्राम पंचायत बकमा के विकास में हर संभव सहयोग प्रदान करने तत्पर रहेंगे।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, मधुलिका चंद्राकर जनपद सदस्य घुंचापाली लीलेश्वर साहू सरपंच, कमल नारायण साहू उपसरपंच, पंच गण ओम प्रकाश साहू, टीकम साहू, तुला राम साहू, संतराम साहू, सुनील साहू, हंस राज पटेल, लोकनाथ साहू, कमल राम साहू ग्राम अध्यक्ष, सफी मोहम्मद ग्राम प्रमुख तथा कई गणमान्य नागरिक एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### नगर के जयस्तंभ चौक पर व्यापारी महासंघ द्वारा सामूहिक होली का हुआ आयोजन



**सरायपाली।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी व्यापारी महासंघ द्वारा सामूहिक रूप से होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। जयस्तंभ चौक में आयोजित इस सामूहिक रंगोत्सव में नगर के सभी समाज के लोगों ने हिस्सा लेकर एक दूसरे को रंग लगाया व होली की शुभकामनाएं दी। सभी होली खेलने वालों के लिए गरम नाश्ते व ठंडाई की व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक चातुरी नंद भी शामिल हुई। नगर में भी होली धूमधाम से मनाई गई। आभार व्यक्त किया। नगर में भी होली धूमधाम से मनाई गई। बच्चों व महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। नगर व क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से होली का त्यौहार संपन्न हुआ। नगर में विभिन्न स्थानों पर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा जगह जगह पुलिस बल सुरक्षा के दृष्टिकोण से तैनात किया गया था। टीआई अमित शुक्ला स्वयं नगर भ्रमण कर मॉनिटरिंग कर रहे थे।

# हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए जरूरी उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मौसम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के 13 जिलों में 'येलो अलर्ट' जारी कर दिया गया है। लगातार बढ़ते तापमान के कारण लू (हीट वेव) का खतरा भी बढ़ गया है। महासमुंद जिले में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच चुका है। जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस (104 फैरेनहाइट) या उससे अधिक हो जाता है, तो इसे हीट वेव या लू कहा जाता है। इसका सबसे अधिक असर 'बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों' पर पड़ता है। मस्तिष्क का 'हाइपोथैलेमस भाग शरीर के तापमान को नियंत्रित करता है, लेकिन अत्यधिक गर्मी में यह तंत्र प्रभावित हो जाता है, जिससे ''हीट स्ट्रोक' या 'लू लगने' की स्थिति उत्पन्न होती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. कुदेशिया ने बताया कि लू लगने पर सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह सूखना, चक्कर आना, उल्टी होना और भूख कम लगना, कमजोरी और शरीर में दर्द, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीना न आना एवं अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना आदि लक्षण दिखाई पड़ते है।

उन्होंने बताया कि लू लगने पर प्राथमिक उपचार के लिए मरीज के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखें। उसे अधिक मात्रा में पानी और पेय पदार्थ दें, जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि। मरीज को हवादार स्थान पर लिटाएं और उसके शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करें तथा तुरंत नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं और ओ.आर.एस घोल दें। डॉ. कुदेशिया ने लू से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि बहुत जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें। बाहर जाने से पहले सिर और कानों को कपड़े से अच्छी तरह ढंकें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं' और लंबे समय तक धूप में रहने से बचें। हल्के, ढीले और 'सूती कपड़े पहनें, अधिक पसीना आने पर ओ.आर.एस घोल का सेवन करें। चक्कर या मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें और शीतल पेय पिएं तथा किसी भी स्वास्थ्य समस्या के लिए 104 आरोग्य सेवा केंद्र से निःशुल्क सलाह लें।



### बंसुला स्कूल में कक्षा पांचवीं के बच्चों को दी गई विदाई

**बसना।** प्राथमिक शाला बंसुला में 5वीं कक्षा के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद सदस्य जन्म जय साव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल मंत्री नरेंद्र यादव और शिक्षा समिति के अध्यक्ष चमेली सागर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुरुआत प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक बेहरा के मार्गदर्शन में सरस्वती माता के आरती पूजन से शुरू हुआ। आरती पूजन के पश्चात अतिथियों एवं गुरुजन द्वारा बच्चों का तिलक लगाकर उपहार स्वरूप कॉपी पेन दिया गया। जनपद सदस्य जन्मजय साव ने अपने उदबोधन में बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आप सभी बच्चे 5वीं कक्षा से 6वीं कक्षा में जा रहे है, आपके अच्छे भविष्य की कामना करता हूं। बच्चों को जनपद सदस्य ने कहा कि अच्छे भविष्य के लिए विद्या अध्ययन जरुरी है। आप सब आगे बढ़ें, और समाज में उत्तम स्थान प्राप्त करें। भाजपा मंत्री नरेंद्र यादव ने बच्चों को संबोधन में कहा कि आपकी प्रारंभिक विद्या अध्ययन गुरुजनों के सानिध्य में अच्छी रही है। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक डडसेना ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधान पाठक प्रवीर बेहेरा एवं अनिता साहू, सीता साहू, पुष्पांजलि, सुजाता प्रधान ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



### सम्हर में होली त्यौहार धूमधाम से मनाया गया

**तेंदूकोना।** ग्राम सम्हर में होली त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया किया गया। होली त्योहार के अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति प्राधिकृत सम्हर पिलेश्वर पटेल ने होलिका माता की पूजा अर्चना कर गुलाल लगाकर सभी लोगों को बधाई प्रेषित किया और उन्होंने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का त्योहार है। इस त्योहार को बिना किसी भेदभाव के मनाना चाहिए। किसी प्रकार का हुड़दंग नहीं करना चाहिए और न किसी को जबरन रंग लगाना चाहिए। होली हमें देश की सभ्यता और संस्कृति का भी संदेश देता है। यह त्योहार एकता का संदेश देता है। हम सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।



### आठ सूत्रीय मांगों को लेकर धरना

**महासमुंद।** छग अनु जनजाति शास सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय आह्वान पर पदोन्नति में आरक्षण सहित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर रायपुर स्थित तूता धरना स्थल में प्रदेश के जनजाति अधिकारी कर्मचारी व अजाक्स के समर्थन से सरकार को जगाने नगाड़ा बजाकर एकदिवसीय आंदोलन किया गया एवं रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही मांगे पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई। धरना स्थल में पिछले कई दिनों से आंदोलन रत बी एड शिक्षाधारी की मांगों का समर्थन किया गया। एकदिवसीय आंदोलन का नेतृत्व आर एन ध्रुव प्रांताध्यक्ष, कमलेश ध्रुव, सदे सिंह कोमरे, एम पी सिंह तंवर उप प्रांताध्यक्ष, एन आर चंद्रवंशी प्रांतीय महासचिव, श्रीराम ध्रुव सचिव, एस पी ध्रुव प्रांतीय संयुक्त सचिव एवं अन्य प्रांतीय पदाधिकारी, सदस्यगण, ज़िला अध्यक्षगण तथा प्रदेश भर के हज़ारों कर्मचारी अधिकारी आंदोलन में शामिल हुए।

# विधायक अग्रवाल ने किया ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

सिरको के ग्रामवासियों को नवीन ग्राम पंचायत भवन की सौगात मिली है। रविवार को ग्राम पंचायत भवन के लोकार्पण हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी, सांकरा सरपंच सतपाल सिंह छाबड़ा, सिरको सरपंच फगुलाल नेताम, उपसरपंच रुक्मणी बघेल शामिल हुए। जहां सर्वप्रथम ग्रामवासियों ने मांदर के धुन के साथ आतिशबाजी करते हुए अतिथियों का स्वागत किये। स्वागत के बाद पूजा अर्चना कर सभी अतिथियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के हाथों रिबन काटकर नवीन ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण किया गया।



इस दौरान विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि केवल ग्राम पंचायत भवन के निर्माण से विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती, पंचायत भवन निर्माण की सार्थकता तब होगी ग्रामवासियों की मांगें पूरी होंगी, समस्याओं का निराकरण होगा साथ ही शासन के सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करना हम सभी का दायित्व है। इस नवीन ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि ग्रामवासियों के प्रत्येक समस्याओं और मांगों का निराकरण ग्राम पंचायत स्तर पर ही किया जाए। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य जगमोती भोई, किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेश विशाल, रेमड़ा सरपंच प्रतिनिधि सोहन लाल पटेल, भाजपा महामंत्री द्वय रामलाल मलिक, मनोज बारीक, अमर नाग, पूर्व सरपंच नवागांव मुकुंद पटेल, चेतना साहू, अनिरुद्ध मांझी, छबिलाल नाग, सेवक भोई, कुंजराम साहू, उद्धव खमारी, मोहितराम साहू, महेंद्र कुमार साहू, श्यामलाल नाग सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहें।

# मोहगांव स्कूल में कक्षा पांचवीं के छात्रों को विदाई दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- बच्चों की दी गई उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं

शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव, विकासखंड पिथौरा, जिला महासमुंद में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय बारीक सरपंच ग्राम पंचायत मोहगांव रहे, और अध्यक्षता जगदीश कुमार संकुल प्राचार्य मोहगांव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में हेमंत पटेल उप सरपंच, मोहन साहू पंच, यशवंत बारीक पंच यमुना प्रधान प्रधान पाठक शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कंचनपुर उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना की गई एवं बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात शाला परिवार के द्वारा अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर और गुलदस्ता भेंट कर किया गया।




विद्यालय के प्रधान पाठक भोजराज प्रधान ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस वर्ष कक्षा पांचवीं में 66 बच्चे अध्ययनरत हैं। इनमें से 4 बच्चे ग्राम मोहगांव के हैं और 62 बच्चे आसपास के अनेक गांव से आकर यहां पढ़ाई कर रहे हैं। इस वर्ष 63 बच्चों ने नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा दी है। उम्मीद है इस बार नवोदय विद्यालय के साथ ही पांचवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम भी उत्कृष्ट होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विजय बारीक ने अपने संबोधन में ग्राम पंचायत की ओर से शासकीय प्राथमिक शाला मोहगांव को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन देकर, शाला प्रांगण में स्ट्रीट लाइट तत्काल लगाने की घोषणा की एवं बच्चों को आगामी परीक्षा की शुभकामनाएं दी।

संकुल प्राचार्य जगदीश कुमार और पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक रविलाल प्रधान के द्वारा भी बच्चों को आगामी परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी। विद्यालय की मेधावी छात्रा वर्षा साव ने कहा कि यहां पर पढ़ाई के साथ जीवन जीने की कला भी भी सिखाई जाती है। प्रधान सर के मार्गदर्शन में अच्छी पढ़ाई, खेल-कूद, योग प्राणायाम, बच्चों का स्वास्थ्य, संस्कार सहित बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है। आदर्श पंडा, काव्यांश साहू, मयंक नायक ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए इस विद्यालय में पढ़ाई का स्तर, अनुशासन, बाल उद्यान, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, शिक्षक प्रधान और पंडा के मार्गदर्शन को रेखांकित किया। बच्चों ने कहा कि इस उत्कृष्ट विद्यालय को छोड़कर जाने का हमे दुःख है। हम जहां भी आगे पढ़ाई करें हम इस विद्यालय को भूल नहीं पाएंगे। कार्यक्रम की अगली कड़ी में सभी बच्चों को बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाओं सहित कलम भेंट किया गया।

इस अवसर पर सरपंच विजय बारीक के द्वारा बच्चों के लिए स्वल्पाहार एवं मिष्ठान्न की व्यवस्था की गई थी। साथ ही प्रधान पाठक भोजराज प्रधान के द्वारा विद्यालय की ओर से चाट, गुपचुप एवं उपहार की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक गौरीशंकर पंडा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेखा प्रधान, कविता बढ़ाई एवं अंकिता साहू, हेमंत कुमार कर, नवीन बुडेक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
09 मई से 20 मई 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 5 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Jai Mata Di
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411